M - 8

SUMMATIVE ASSESSMENT - I - OCTOBER 2019

Second Language - HINDI

(Parts - A & B)

VII Class] (Max.Marks: 80) [Time: 3.15 Hrs.

Marks: 60] PART - A [Time: 2.45 Hrs.

निर्देश: 1. प्रश्न पत्र के उत्तर लिखने के लिए तीन घंटे और प्रश्न पत्र पढने के लिए 15 मिनट निर्धारित है।

2. सभी प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में ही लिखे ।

3. छात्र यदि रफ कार्य करना चाहते है, तो वे उत्तर पुस्तिका के अंत में करे।

4. अंतिम परिणाम के लिए सारांशात्मक आकलन (80)और रचनात्मक आकलन (20) के जोड़े ।

I. पढो: (20 अंक)

अ) नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

एक खरगोश था । वह पेड के नीचे सो रहा था । अचानक ज़ोर की आवाज़ हुई -'धम्म') खरगोश उठ बैठा । वह बोला, 'अरे क्या गिरा ? खरगोश ने इधर उधर देखा । उसे कुछ दिखाई नहीं दिया । उसे लगा आसमान गिर रहा है । खरगोश डर गया और भागने लगा ।

प्रश्न: 5x1=5

1. पेड के नीचे कौन सो रहा था ?
2. अचानक क्या हुआ ?
3. खरगोश को क्या लगा ?
4. 'नीचे' शब्द का विलोम लिखिए ?
5. यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

https://www.telanganaboard.com

आ) नीचे दिये गये गद्यांश को पढकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

ढोलू-मोलू दो भाई थे । दोनों खूब खेलते, पढ़ाई करते और कभी-कभी खूब लडाई भी करते थे । एक दिन दोनों अपने घर के पीछे खेल रहे थे । वहाँ एक कमरे में बिल्ली के दो छोटे-छोटे बच्चे थे । बिल्ली की माँ कहीं गई हुई थी । दोनों बच्चे अकेले थे । ढोलू-मोलू ने दोनों बिल्ली के बच्चों को खाना खिलाया और एक कटोरी दूध पिलाया ।

प्रश्न: *5x1=5*

6. ढोलू-मोलू क्या-क्या करते थे ?
7. बिल्ली के कितने बच्चे थे ?
8. ढोलू-मोलू ने बिल्ली के बच्चों को क्या खिलाया ?
9. बच्चा शब्द का बहुवचन लिखिए ?
10. इस गद्यांश का उचित शीर्षक क्या होगा ?

इ) नीचे दिये गए पठित पद्यांश को पढकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

मन करता है सूरज बनकर
आसमान में दौड़ लंगाऊँ ।
मन करता है चंदा बनकर
सब तारों पर अकड दिखाऊँ ।
मन करता है तितली बनकर
दूर-दूर तक उड़ता जाऊँ
मन करता है कोयल बनकर
मीठे-मीठे बोल सुनाऊँ

https://www.telanganaboard.com

प्रश्न:

11. आसमान में क्या-क्या दिखाई देते हैं ?
12. लडका सूरज बनकर क्या करना चाहता है ?
13. मीठे-मीठे बोल कौन सुनाती है ?
14. चंदा शब्द का अर्थ लिखिए ।
15. यह पद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

ई) नीचे दिये गए पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

यह है आम का पेड़
इसमें आम लगे है ढेर !
बच्चे खेलते है इसके नीचे
भागते है एक दूसरे के पीछे ।
थक कर फिर बैठ जाते हैं
मिल-जुल कर आम खाते हैं ।
झूले भी लगे है यहाँ वहाँ
ऐसा मज़ा फिर मिलेगा कहाँ ।

प्रश्न:

16. आपको कौनसा फल पसंद है ?
17. बच्चे मिलजुल कर क्या खाते हैं ?
18. पेड के नीचे कौन खेलते हैं ?
19. झूला शब्द का बचन बदलिए ।
20. इस पद्यांश का उचित शीर्षक क्या होगा ?

https://www.telanganaboard.com

लिखो : (40 अंक)

II. नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर 3-4 पंक्तियों में दीजिए ।

21. पतंग के बारे में लिखिए ।

22. अमर पेड़ के पास जाकर क्या करता था ?

23. हिंदी सीखने के लिए आप क्या क्या करोगे ?

24. आसमान गिरा पाठ में आये हुए जानवरों के नाम लिखिए ।

III. किसी एक प्रश्न का उत्तर 8-10 पंक्तियों में लिखिए । **1x7=**

25. 'मन करता है कविता के आधार पर बताइए आपका मन क्या-क्या करने को कहता है ?

26. अपना प्यारा भारत देश कविता का भाव अपने शब्दों में लिखिए ।

IV. किसी एक प्रश्न का उत्तर 8-10 पंक्तियों में लिखो । **1x7**

27. पेडों से हमें क्या-क्या लाभ है ?

28. अपनी पाठशाला में मनाये गये 'हिंदी दिवस' कार्यक्रम का वर्णन कीजिए ।

V. नीचे दिए गए प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **2x5=10**

29. अपनी दीदी की शादी में जाने के लिए तीन दिन की छुट्टी माँगते हुए प्रधानाध्यापक को पत्र लिखिए ।

30. अपना मनपसंद चित्र बनाकर रंग भरिए और उसके बारे में लिखिएं ।

31. अपनी पाठशाला का वर्णन कीजिए ।

https://www.telanganaboard.com